# ग्राम पंचायतों में करोड़ों की खरीदी बनी चर्चा का विषय

## बरघाट विधानसभा की पंचायतों में हुई खरीदी

## सौर ऊर्जा, फर्नीचर और अन्य सामग्री की सप्लाई में भारी अनियमितताओं के आरोप

**सिवनी नवभारत। बरघाट विधानसभा क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपये की शासकीय खरीदी को लेकर गंभीर चर्चा जोरों पर है। क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि ग्राम पंचायतों में सौर ऊर्जा ( सोलर पैनल ), फर्नीचर एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना कराई जा रही है। और आरोप है कि कई पंचायतों में सचिवों और सरपंचों पर दबाव बनाकर सामग्री स्वीकार कराई जा रही है तथा वास्तविक बाजार मूल्य से कई गुना अधिक दरों पर बिल प्रस्तुत कर शासकीय राशि का भुगतान कराने की कोशिश की जा रही है।**

स्थानीय स्तर पर यह मामला तेजी से चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि कई पंचायतों में सामग्री की गुणवत्ता और आवश्यकता की अनदेखी करते हुए जबरन सप्लाई कराई गई। वहीं कई जनप्रतिनिधियों का कहना है कि उन्हें भी इस प्रक्रिया की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह पंचायतों में करोड़ों रुपये के वित्तीय अनियमितता का मामला साबित हो सकता है। वही



बताया जा रहा है कि कई ग्राम पंचायतों में बिना पारदर्शी प्रक्रिया अपनाए फर्नीचर, सोलर पैनल एवं अन्य सामग्री पहुंचाई गई। आरोप यह भी हैं कि सचिवों और सरपंचों पर विभिन्न प्रकार का दबाव बनाकर बिलों पर हस्ताक्षर कराने का प्रयास किया गया, जबकि सामग्री की वास्तविक कीमत और बिलों में दर्शाई गई राशि के बीच भारी अंतर बताया जा रहा है। यदि इसकी निष्पक्ष जांच होती है तो करोड़ों रुपये के शासकीय धन के दुरुपयोग का खुलासा हो सकता है।और यह भी सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि यदि इतने बड़े पैमाने पर खरीदी और भुगतान की प्रक्रिया संचालित हुई तो संबंधित विभागीय अधिकारियों की निगरानी व्यवस्था कहां थी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा समय पर निरीक्षण क्यों नहीं किया गया और वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित क्यों नहीं कराया गया। यह भी चर्चा का विषय है कि आखिर ऐसी व्यवस्था किसके संरक्षण में संचालित होती रही।

### शासकीय धन का दुरूपयोग, जांच की मांग

मामले को लेकर यह अपेक्षा की जा रही है कि शासन-प्रशासन, संबंधित विभाग, जनप्रतिनिधि तथा विपक्ष सभी निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे और यदि वित्तीय अनियमितता सामने आती है तो दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर होने वाले व्यय की पारदर्शिता बनाए रखना शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और यदि सार्वजनिक धन का दुरुपयोग हुआ है तो इसकी जवाबदेही भी तय होना आवश्यक है। और पूरे बरघाट क्षेत्र में अब लोगों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी, खरीदी से जुड़े दस्तावेज, निविदा प्रक्रिया, भुगतान अभिलेख और सामग्री की गुणवत्ता की स्वतंत्र जांच होगी या मामला केवल चर्चाओं तक सीमित रह जाएगा। यदि आरोपों में सच्चाई पाई जाती है तो यह पंचायत स्तर पर वित्तीय प्रबंधन और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करेगा। और अब इसके बाद खबर प्रकाशित होने के बाद शासन प्रशासन इस मामले पर किस तरह संज्ञान लेती है।

### राजनैतिक संरक्षण तो नहीं

क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि इस पूरे मामले में राजनीतिक संरक्षण की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। यदि वास्तव में किसी प्रभावशाली व्यक्ति या समूह के संरक्षण में यह कार्य हुआ है तो इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है, ताकि वास्तविक जिम्मेदारों की पहचान हो सके। हालांकि, इस संबंध में अभी तक किसी भी व्यक्ति या जनप्रतिनिधि की भूमिका आधिकारिक रूप से सिद्ध नहीं हुई है।

## पेंच के दो रिसॉर्टों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

**सिवनी नवभारत।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा पेंच क्षेत्र स्थित रिसॉर्टों का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान तुली टाइगर रिजॉर्ट में वेज एवं नॉनवेज खाद्य सामग्री को एक ही स्थान पर रखने, अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य सामग्री का भंडारण करने, एक्सपायरी खाद्य सामग्री से भोजन तैयार किए जाने तथा बड़ी मात्रा में एक्सपायरी खाद्य सामग्री संग्रहित पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 32 के अंतर्गत इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार आकर्ड वाइल्ड लाइफ पेंच रिसॉर्ट से जांच हेतु बेसन का नमूना लिया गया। साथ ही एक्सपायरी खाद्य सामग्री का भंडारण पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान को भी खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 32 के तहत इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों प्रतिष्ठानों के खाद्य कारोबारकर्ताओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण में गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री का निर्माण, भंडारण एवं उपयोग सुनिश्चित करने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए।

# स्थानांतरित हुए वर्षों से जमे शाखा प्रबंधक

## महा प्रबंधक की बड़ी कार्रवाई




**धारनाकला नवभारत।** लगातार अखबारो की सुर्खियो को ध्यान मे रखते हुए महा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैक सिवनी के द्वारा बडी कार्यवाई करते हुऐ जिले के आठ शाखा प्रबंधको का स्थानांतरण आदेश बैंक प्रशासक एवं जिला कलेक्टर नेहा मीना द्वारा अनुमोदित कराते हुऐ किया गया है

कार्यालय आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक संस्थाऐ मध्य प्रदेश के पत्र कृमाकं साख /एपी/ 73 /2897 दिनांक 27/12/2024 एवं पत्र कृमाकं साख/ एपी / 2016/ 28868 दिनांक दिनांक 10/11/2016 के परिपालन मे बैक के शाखा प्रबंधको का रोटेशन के अन्तर्गत चार वर्ष से अधिक का समय होने को द्रष्टीगत रखते हुऐ बैक शाखाओ की कार्य संचालन व्यवस्था एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण को धयान मे रखते हुऐ स्थानांतरण किये गये है एवं रोटेशन नीति को धयान मे रखते हुऐ महा प्रबंधक सिवनी के द्वारा वर्षो से एक ही बैक शाखा मे जमे आठ शाखा प्रबंधको का स्थान परिवर्तन करते हुऐ यह बडी कार्यवाई की गई है

उल्लेखनीय है की वर्षो से एक ही बैक शाखा मे जमे शाखा प्रबंधको को लेकर अखबारो मे लगातार खबरे प्रकाशित हो रही थी तथा कुछ शाखा प्रबंधको के कारण बैक की साख पर भी प्रभाव पड रहा था तथा इस सम्बंध मे जिला कलेक्टर तक शिकायते भी प्रेसित हुई थी महा प्रबंधक के के सोनी के द्वारा संज्ञान लेते हुऐ रोटेशन नीति के तहत यह महत्वपूर्ण आदेश करते हुऐ कार्यवाई की गई है जिसकी जिले व छेत्र मे भूरी भूरी प्रशंसा हो रही है।

## एक नजर में

### राज शिवहरे ने पास की नीट परीक्षा



**सिवनी।** ग्राम मेहता ( सिवनी ) निवासी राजशिवहरे /पिता गजेंद्र शिवहरे को नीट परीक्षा में सफलता हासिल की है।परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह सिद्ध कर दिया कि प्रतिभा, परिश्रम एवं तआत्मविश्वास के सामने लक्ष्य को हासिल किया उनके माता-पिता समेत पूरे परिवार को बधाई। नीट में आपकी यह शानदार सफलता उसी का परिणाम है।

### घनिष्ठा का सुयश, नीट परीक्षा में लहराया परचम



**उगली।** पां. छपारा निवासी राजेंद्र /मीना राहंगडाले के सुपुत्री ने नीट परिक्षा 2026 में 720 अंको में से 589 अंक अर्जित कर आल इंडिया रेंक ओबीसी केटेगरी में 6445वीं रेंक हासिल किया, उगली शाष. हाई स् कूल में अध्यन के दौरान सुपर हंड्रेड में चयन के बाद भोपाल में वर्तमान में अध्यनरत है. इस होनहार छात्रा ने अपनी इस उपलब्धि से अपने गांव और जिले को गोरवानवित किया है, आपके उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना करते हैं. कु. घनिष्ठा ने अपनी इस उपलब्धि के पीछे सर्व प्रथम अपने गुरुजन, माता पिता, सहयोगी, सहपाठी, मित्र गण सभी से प्रेरणा लेकर श्रेष्ठता हासिल की है. सच्ची एकाग्रता, अनुशासन, लग्न शीलता और त्याग समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है. नियमित पढाई में विशेष रुचि और सिर्फ पढाई का मकसद हो तो हर आयाम को छुआ जा सकता है।

## ट्रेन पकड़ने आदेगांव से सिवनी जा रहे थे कार सवार पोस्ट आफिस कर्मी

# रफ्तार का कहर : इनोवा को ट्रक ने मारी टक्कर

**छपारा नवभारत।** 19 जुलाई को सुबह लगभग साढ़े सात बजे नगर से 6 किलोमीटर दूर ग्राम छपारा कलां और सादकसिवनी के बीच एन एच 44 फोरलेन सड़क पर पेट्रोल पंप के सामने आदेगांव से सिवनी हरियाणा जाने के लिए निकले रेल्वे स्टेशन तक छोड़ने जा रही एक इनोवा कार एक पीछे से आ रहे कंटेनर ट्रक ने टक्कर मारी दी जिससे कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वहीं कार में सवार कुल 5 युवकों में राहुल बुमवक पिता कुलदीप बुमवक (जाट) निवासी हिसार हरियाणा 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई वहीं अजय जाट सहित



अन्य तीन कार में सवार घायलों को जिला चिकित्सालय सिवनी रेफर किया गया जिन्हें छपारा 108 एंबुलेंस से पहुंचाया गया। वहीं कार सवार घायलों के साथियों ने बताया कि वह सब पोस्ट आफिस में पदस्थ कर्मी हैं और सिवनी रेल्वे स्टेशन पर 8 बजे वाली पाताल कोट ट्रेन के लिए जा रहे थे और यह अनहोनी घटना कारित हो गई। वहीं उक्त दुर्घटना में शामिल कंटेनर ट्रक मौके से फरार हो गया पूरे मामले पर छपारा पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# सबसे बड़ी शक्ति है एकता की : मुनि निर्वेग सागर

**लखनादौन नवभारत।** आचार्य प्रवर श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज एवं आचार्य प्रवर श्री 108 समयसागर जी महामुनिराज के परम् प्रभावक आज्ञानुवर्ती शिष्य परम् पूज्य मुनि श्री 108 निर्वेगसागर जी महामुनिराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश धर्म नगरी लखनादौन में हुआ। श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य गुरुदेव की आगबानी बड़े ही घूमघाम के साथ की , सम्पूर्ण नगर में जगह जगह रंगोली बनाई, सभी श्रद्धालुओं ने मुनि श्री के पद् प्रक्षालन किये आरती उतारी,एवं बाजार मे कार्यक्रम आयोजित हुए,

सकल दिगंबर जैन समाज एवं जैन पंचायत सभा के मीडिया प्रभारी राजेश जैन डॉली ने बताया,



मुख्य मार्ग से होते हुए मुनि संघ बाजार प्रांगण स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज आचार्य श्री समयसागर जी महाराज जी के चित्र का अनावरण हुआ ,पूज्य मुनि श्री निर्वेगसागर जी महाराज के पद् प्रक्षालन, संपन्न हुआ। पूज्य मुनि संघ को शास्त्र जी भेंट किए। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की पूजन करने के पश्चात मुनि श्री निर्वेगसागर जी महाराज जी के प्रवचन हुए मुनि श्री ने कहा, सबसे बड़ी शक्ति है एकता की, एवं मुनि श्री ने सुमतिनाथ भगवान की गाथा बताई।

21 जुलाई से जैन धर्म के अष्टानिका पर्व प्रारम्भ हो रहे हैं । इन आठ दिन में मुनि श्री निर्बेग सागर जी संसंघ के सानिध्य मे श्री नंदीश्वर महामंडल विधान का भी आयोजन किया जायेगा, कार्यक्रम में सभी बुजुर्ग, एवं महिलाएं, युवा वर्ग, बालिका मंडल, नवयुवक मंडल , आगबानी को लेकरकाफी उत्साह में दिखे। पूज्य गुरुदेव की भव्य अगवानी सकल दिगंबर जैन समाज एवं सकल दिगंबर जैन पंचायत सभा, द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम में , छपारा सिवनी, घंसौर,धनोरा धूमा,आदि सभी समाज के लोगों ने कार्यक्रम में पहुंचकर मुनि श्री की भव्य अगवानी की एवं कार्यक्रम में पहुंचकर धर्म लाभ लिया,,

## नीट परीक्षा में 549 अंक लाकर नैंसी नामदेव ने बढ़ाया मान

**सिवनी नवभारत।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में लखनादौन की होनहार छात्रा नैंसी नामदेव ने 549 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस उल्लेखनीय सफलता से नैंसी ने न केवल अपने माता-पिता, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। नैंसी, लखनादौन निवासी अमित नामदेव एवं लक्ष्मी नामदेव की सुपुत्री तथा अनिल नामदेव की नातिन हैं।सफलता की खबर मिलते ही परिवार और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़



गई। जैसे ही नैंसी नामदेव अपने नानी के घर कान्हीवाड़ा पहुंचीं, वहां उत्सव सा माहौल हो गया। नगर वासियों और परिजनों ने बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा के साथ नैंसी और उनके माता-पिता का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नानी श्रीमती निर्मला भारद्वाज, विशाल भारद्वाज, आरती भारद्वाज के साथ ग्राम के गणमान्य नागरिकों में इंद्र कुमार जंगेला, संतोष बंदेवार, आदिल खान, लादेन खान, चंद्रकांत साहू, अखिलेश, दीपक झरिया और अरुण ढोए सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गायत्री शक्तिपीठ बरघाट में मौन साधना शिविर

**बरघाट नवभारत।** गायत्री शक्तिपीठ बरघाट में सिवनी एवं बालाघाट के 40 दिवसीय सवा लक्ष जपअनुष्ठान साधना के अतर्गत मौन साधना शिविर सम्पन्न हुआ। साधना में प्राणाकर्षण प्राणायाम ,तत्वबोध, तत्वशद्धि सोहं साधना, खेचरी मुद्रा, पंचकोश जागरण, नाड़ी शोधन, कपालभाति प्राणायाम का मौन रहकर अभ्यास किया। साधना का मार्गदर्शन सिवनीउपजोन साधना प्रभारीश्री नरेंद्र हिंग्वे एवं श्री किशोर किंकर जी ने किया। मौनसधना के पश्चात सिवनी उपजोन समन्वयक श्री मानसिंह चौधरी द्वारा माता भगवती देवी जन्म शताब्दी के अवसर पर कार्यकर्ताओं को सघन कार्यक्रम चलाने के लिए निर्देशितकया। व्यवस्थापक गायत्री शक्तिपीठ सिवनी सुंदरलाल बघेल, जिला समन्वयकश्री पुष्पेश्वर पिछोड़े, रामसिंह राहंगडाले ने संबोधित किया। श्री सुरेंद्र साहू, ढाल सिंह बिसेन ,घूड़नलाल बिसेन ,उमा प्रसाद बघेल सुखराम उइके,भगवती विसेन,चैनसिंह टेमरे, रूपसिंह राहंग डाले,चैनसिंह राहंगडाले ,रघुवीर चौधरी, दामू प्रसाद बोपचे विक्रम सिंह चौहान की उपस्थितिमें दे डेढ़ सौ सधकों ने भाग लिया श्री हेमराज बघेल ने आभार प्रदर्शन किया।

## लंबित डीआर दिपावली तक भुगतान करने की पेंशनर्स ने की मांग



**सिवनी नवभारत।** मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त सचिवों के संयुक्त हस्ताक्षर से मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग द्वारा दोनों राज्यों के पेंशनर्स को परस्पर सहमति से मंहगाई राहत स्वीकार करने की परंपरा को समाप्त करने की सहमति आदेशित की गई है जो आदेश जारी होने के 17.07.2026से प्रभावशील किया गया है । केंद्र सरकार द्वारा किए गए प्रावधान में परस्पर सहमति का कोई स्थान न होने पर भी प्रदेश के पेंशनर्स का दुर्भाग्य ही माना जाए कि ये प्रथा अपनायी गई जिससे पेंशनर्स को लंबे समय तक आर्थिक संत्रास के मुक्ति का संघर्ष झेलना पड़ा । मोहन यादव मुख्य मंत्री मध्य प्रदेश का वृद्ध पेंशनर्स के प्रति संवेदनशील हार्दिक लगाव ही सिद्ध होता है कि उनके प्रयास से प्रथम बार एक ठोस पहल कर छत्तीसगढ़ सरकार से इसे हटाने की दृढ़तापूर्वक इच्छा दर्शाते हुए मध्यप्रदेश सरकार से सहमति जाहिर करने का अनुरोध किया गया जिसकी सुखद परिणिति उक्त जारी आदेश से हुई है ।

मुख्य मंत्रीजी ने पेंशनर्स के प्रति प्रारंभ से ही उदार संवेदनशील होने का अहसास तो करा ही दिया था किंतु पेंशनर्स को आर्थिक क्षति से रक्षा की दिशा में उनके द्वारा यह ठोस कार्यवाही उनके व्यक्तित्व की इस सच्चाई को प्रमाणित ही कर देती है । मध्य प्रदेश वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष एड राजकुमार दुबे सहित प्रदेश के विभिन्न वरिष्ठ पदाधिकारियों ने प्रदेश के पेंशनर्स की ओर से मोहन यादव जी मुख्य मंत्री,मध्य प्रदेश को अपना हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करता हुआ उनके उज्जवल नेतृत्व से प्रदेश के चहुंमुखी विकाश की कामना करता है मुख्य मंत्री महोदय से विनम्र अनुरोध है कि पेंशनर्स के रोके गए बकाया महंगाई राहत का परीक्षण कर लंबित डी आर को भी। सुविधा जनक आसान किस्तों में दीपावली तक भुगतान करने का कृपा करें ताकि वृद्ध पेंशनर्स का आर्थिक हानि से भी राहत मिल सकें। प्रदेश के पेंशनर्स के मुख्य मंत्री से ऐसे ही भावी संवेदना एवं सहृदयता की आशा संजोए रखेंगे ।

## युवा नेता दीपक डेहरिया का राष्ट्रीय मंच पर चयन, करेंगे मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व

**सिवनी नवभारत।** इंकलाब ज़िंदाबाद केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा, युवाशक्ति और परिवर्तन का संकल्प है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए सिवनी जिले के युवा समाजसेवी, युवा नेतृत्वकर्ता एवं दीपक जयहिंद टीम सिवनी के संस्थापक दीपक डेहरिया का चयन देश के प्रतिष्ठित दिल्ली छात्र संसद 2026 में यूथ पार्लियामेंट डेलीगेट के रूप में हुआ है। यह गौरवपूर्ण आयोजन 19 एवं 20 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित होगा, जहाँ देशभर से चयनित प्रतिभाशाली युवा लोकतंत्र, संविधान, राष्ट्रीय नीतियों, सुशासन और राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखेंगे। दीपक डेहरिया इस राष्ट्रीय मंच पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने राज्य और सिवनी जिले का नाम गौरवान्वित करेंगे।



दिल्ली छात्र संसद देश का एक प्रतिष्ठित लोकतांत्रिक मंच है, जहाँ भारत के विभिन्न राज्यों से चयनित प्रतिभाशाली युवाओं को संसदीय कार्यप्रणाली का अनुभव प्राप्त होता है। यहाँ युवा सांसदों की तरह बहस करते हैं, नीति निर्माण पर चर्चा करते हैं तथा देश के भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने सुझाव प्रस्तुत करते हैं। इस मंच तक पहुँचना केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि नेतृत्व क्षमता, सामाजिक प्रतिबद्धता और राष्ट्रीय सोच का प्रमाण माना जाता है।

दीपक डेहरिया लंबे समय से समाजसेवा और जनजागरण के कार्यों में सक्रिय हैं। दीपक जयहिंद टीम के माध्यम से उन्होंने युवाओं को रक्तदान, शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रहित, सामाजिक उत्तरदायित्व, जनसेवा तथा संविधान के प्रति जागरूक करने जैसे अनेक अभियानों से जोड़ा है। उनकी कार्यशैली सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने की रही है। यही समर्पण और नेतृत्व क्षमता आज उन्हें राष्ट्रीय मंच तक लेकर पहुँची है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हरित हो रहा जिला

**सिवनी।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत जिले में कलेक्टर नेहा मीना के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर पौधरोपण अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध शासकीय भूमि पर प्राथमिकता के आधार पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कराया जा रहा है। इसके साथ ही सड़क किनारे, शैक्षणिक संस्थानों, शासकीय कार्यालय परिसरों, ग्राम पंचायत परिसरों, सामुदायिक स्थलों, जल स्रोतों के आसपास तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी योजनाबद्ध तरीके से पौधरोपण किया जा रहा है।

## कार्यवाही

## विवेचना में पुलिस ने बढ़ाई साक्ष्य नष्ट करने की धारा 238

# दो मोबाइल लूटने का जुर्म कबूला आरोपी जयंत डेहरिया ने

**सिवनी नवभारत।** जिले का देवरी टीका लूटकांड अब केवल दो मोबाइल फोन और 16,900 की कथित लूट का मामला नहीं रह गया है। यह प्रकरण प्रशासनिक तंत्र, राजनीतिक प्रभाव और कानून के राज पर कई गंभीर प्रश्न खड़े कर रहा है। इस मामले में गिरफ्तार आरोपी जयंत डेहरिया ने पुलिस पूछताछ में कथित रूप से दो मोबाइल फोन लूटने तथा बाद में उन्हें नष्ट कर झाड़ियों में फेंकने की बात स्वीकार की है। इसके बाद पुलिस ने साक्ष्य नष्ट करने से संबंधित बीएनएस की धारा 238 भी जोड़ दी है।

17 सितंबर 2025 को ग्राम देवरी टीका में हुई इस घटना में फरियादी प्रदीप दुबे का मोबाइल फोन तथा स्कॉर्पियो वाहन में रखा



सब्बू कुरैशी का मोबाइल फोन कथित रूप से लूट लिया गया था। यदि यह सही है कि इन मोबाइलों को जानबूझकर नष्ट किया गया, तो यह केवल लूट का मामला नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को समाप्त करने का प्रयास भी माना जाएगा।

इस पूरे मामले का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि आरोपी जयंत डेहरिया एक राजनीतिक दल के अनुसूचित जाति मोर्चा, मंडल धनोरा का पदाधिकारी रहा है। सवाल यह नहीं है कि कोई व्यक्ति किसी राजनीतिक दल से जुड़ा हुआ है। सवाल यह है कि क्या राजनीतिक प्रभाव किसी व्यक्ति को कानून से ऊपर खड़ा कर सकता है? यदि शिकायतकर्ता पक्ष का यह दावा सही है कि पूरी वारदात पुलिस, राजस्व अधिकारियों और सीसीटीवी कैमरों की मौजूदगी में हुई, तो फिर आरोपियों की गिरफ्तारी में लगभग दस माह का समय क्यों लगा?

उल्लेखनीय है कि आरोपी पर लंबे समय तक गिरफ्तारी से बचने के आरोप लगते रहे और अंतत: गिरफ्तारी के बाद उसने पहले पुलिस रिमांड के दौरान तथा बाद में जेल भेजे जाने के पश्चात भी स्वास्थ्य खराब होने की शिकायत की। सूत्रों के अनुसार आरोपी ने अस्पताल में भर्ती रहने का प्रयास किया, किंतु चिकित्सकीय परीक्षण में स्थिति सामान्य पाए जाने पर उसे पुन: जेल भेज दिया गया। इससे स्वाभाविक रूप से कई चर्चाओं और सवालों को जन्म मिला है। लोकतंत्र में अक्सर यह धारणा बनती रही है कि प्रभावशाली और राजनीतिक रूप से जुड़े व्यक्तियों के मामलों में कानून की गति अपेक्षाकृत धीमी पड़ जाती है। यही कारण है कि देवरी टीका प्रकरण में भी लोगों के मन में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या किसी प्रकार का राजनीतिक संरक्षण या प्रभाव जांच प्रक्रिया पर हावी रहा? उधर इस मामले के अन्य आरोपी अभी भी फरार बताए जा रहे हैं। ?16,900 की कथित लूट में शामिल सुरेश डेहरिया तथा हमले के आरोपी रामकृष्ण डेहरिया की तलाश जारी है। बताया जाता है कि रामकृष्ण डेहरिया पर 10 हजार का इनाम भी घोषित है।

### इनका कहना है

मामले की विवेचना कर रहे थाना प्रभारी लखनादौन केपी धुर्वे ने बताया कि आरोपी जयंत डेहरिया ने पूछताछ के दौरान दो मोबाइल फोन लूटने, उन्हें नष्ट कर झाड़ियों में फेंकने तथा अन्य आरोपियों के साथ मिलकर मारपीट किए जाने की घटना कारित करने की बात स्वीकार की है। आरोपी के कथनों के आधार पर प्रकरण में साक्ष्य नष्ट करने से संबंधित बीएनएस की धारा 238 जोड़ी गई है। वर्तमान में आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में जेल में है तथा मामले की आगे की विवेचना जारी है।




## नगर पालिका में नशे से दूरी हैं जरूरी विषय पर चर्चा का आयोजन

**सिवनी नवभारत।** पुलिस मुख्यालय भोपाल की अभिनव पहल हमारा हैं यही संदेश,नशा मुक्त हो मध्यप्रदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के कुशल मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद सिवनी में नगर पालिका अध्यक्ष,नगर पालिका सीईओ सुश्री दिशा डहेरिया जी,मातृशक्ति संगठन से श्रीमती सीमा चौहान और सम्मानीय सदस्य व पार्षद गणों की उपस्थिति में नशे से दूरी है जरूरी विषय पर पुलिस नियंत्रण कक्ष प्रभारी निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे द्वारा विस्तार से चर्चा की गई व नशे की आदतों के निवारण के लिए नगर पालिका के कर्तव्य व अधिकार और विहित अधिनियमों पर भी चर्चा हुई,जिसके अंतर्गत विद्यालयों के आसपास गुटखा,तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक,जन स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कार्यवाही व नो स्मोकिंग जोन बनाएं जाने व बोर्ड आदि के डिस्प्ले,नशाखोरी के स्थानों को चिन्हित करने व पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही, तंबाकू, सिगरेट,गुटखा पाउच,शराब नशाखोरी करने वालों द्वारा फैलाई जाने वाली गंदगी व नियंत्रण, नशे की आदत से होने सामाजिक-आर्थिक और शारीरिक नुकसान आदि पर विस्तार से जानकारी सांझा की गई। आपसी सहयोग व सहभागिता से सिवनी को कैसे नशा मुक्त बनाएं इस हेतू प्रयास के लिए सभी ने संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर पालिका के सभी कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति रही।